# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : digvijayans@gmail.com
: dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक 25.03.2021

## समाचार स्वरूप प्रकाशनार्थ

आज दिनांक 25/03/2021 को दिग्विजय नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में "मिशन शक्ति " मिशन के अंतर्गत प्रशासन से एंटी रोमियो प्रभारी थाना कैंट गोरखपुर से एस.आई. श्री अरविंद कुमार यादव जी ने महिला हेल्प के लिए 1090,181,112 इत्यादि नंबरों को बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा मिशन शक्ति जो शारदीय नवरात्र से आरंभ होकर चैत्र नवरात्र तक यह कार्यक्रम चलाया जा  रहा है जिससे महिलाएं सशक्त हो रही हैंस प्रशासन से आई हुई  महिला कांस्टेबल सभ्या शर्मा ने कहा कि हम लड़कियों को किसी भी मनचलों से डरने की आवश्यकता नहीं है आपके पास आप की सुरक्षा के लिए भारत सरकार के द्वारा बहुत सारे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आपको घबराने की जरूरत नहीं है, हम सभी आपकी सुरक्षा के लिए आपके साथ हैं।

अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के  प्राचार्य डॉ शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राएं हमारे धरोहर हैं। हमारी बेटियों को कभी किसी से घबराने और डरने की जरूरत नहीं है, महाविद्यालय हमेशा उनके साथ है। श्री अरविंद कुमार यादव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.रुक्मिणी चौधरी ने एवं आभार ज्ञापन डॉ, चंडी प्रसाद पांडे ने किया। इस अवसर पर कांस्टेबल दिनेश शाह, महिला कांस्टेबल अरुणा मिश्रा, डॉ अखंड प्रताप सिंह एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**डॉ. (शैलेश कुमार सिंह)**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क